आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 11.04.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- डी०ए०वी० पीजी कॉलेज, देहरादून के छात्रसंघ समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। कहा– युवा राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति हैं।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित देहरादून दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर। मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।
- केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्घेरिटा ने कोटद्वार में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का लोकार्पण किया।
- प्रदेश में 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए अब तक 14 लाख 54 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया।

-------

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्र राजनीति को नेतृत्व विकास, संगठन क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

आज डी०ए०वी० पीजी कॉलेज, देहरादून में आयोजित छात्रसंघ समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, संकल्प और नवाचार की सोच ही भारत के विकास की दिशा निर्धारित करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में युवाओं को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**प्रधानमंत्री दौरा/निरीक्षण**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को देहरादून के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इसी क्रम में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ और शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड, गढ़ी कैंट तक तैयारियों को परखा। मुख्य सचिव ने सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के बनने से दिल्ली–एनसीआर से देहरादून पहुंचने का समय कम

होगा। साथ ही चारधाम यात्रा के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा, और पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**ऑपरेशन प्रहार**

उत्तराखंड पुलिस की ओर से प्रदेश में चलाया जा रहा ऑपरेशन प्रहार लगातार जारी है। अल्मोड़ा जिले में इस अभियान के तहत पुलिस, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और बाहरी लोगों का सत्यापन किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जबकि शांति भंग के छह मामलों में चालान किए गए हैं। इसके अलावा जिले में 350 लोगों का सत्यापन किया गया है और 163 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

गौरतलब है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत पूरे उत्तराखंड में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बाहरी लोगों का सत्यापन, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान, वांछित अपराधियों की तलाश और होटल–रेस्त्रां की जांच की जा रही है।

**पासपोर्ट केंद्र लोकार्पण**

पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार स्थित तहसील परिसर में आज केंद्रीय विदेश एवं वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्घेरिटा ने डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान 12 लोगों के पासपोर्ट भी बनाए गए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत में अभी तक 453 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास" के मंत्र के अनुरूप यह पहल विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गौरतलब है कि पौड़ी गढ़वाल में यह दूसरा पास पोर्ट सेवा केंद्र है। इस केंद्र के खुलने से अब कोटद्वार और आस–पास के लोगों को पासपोर्ट बनाने के लिए देहरादून नहीं जाना पड़ेगा।

## चारधाम पंजीकरण

प्रदेश में 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए अब तक 14 लाख 54 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें केदारनाथ धाम के लिए सर्वाधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार केदारनाथ के लिए चार लाख 95 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। इसके बाद बदरीनाथ के लिए 4 लाख 29 हजार से अधिक तथा गंगोत्री और यमुनोत्री के लिए 5 लाख 18 हजार से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। वहीं हेमकुंड साहिब के लिए अब तक 12 हजार 214 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। ऑफलाइन पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू किया जाएगा, जबकि ऑनलाइन पंजीकरण छह मार्च से लगातार जारी हैं। गौरतलब है कि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे, जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

## स्वास्थ्य सुविधाएं

पिथौरागढ़ जिले में मातृ स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत अब गर्भवती महिलाओं की घर–घर जाकर नियमित निगरानी की जा रही है। आशा कार्यकर्ता और एएनएम की टीमें प्रत्येक गर्भवती महिला की स्वास्थ्य स्थिति, टीकाकरण, पोषण और जांच संबंधी जानकारी जुटा रही है। पिथौरागढ़ जिले की अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना कौशिक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की, समय रहते पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

## रेखा आर्या

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले में सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के कुवाली गांव में आज आदि बद्रीनाथ मंदिर और पिपलेश्वर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार विकास और विरासत को साथ–साथ लेकर चलने के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल और अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक हमारे आस्था के केंद्रकृमंदिरों का सौंदर्यीकरण भी है। सरकार का उद्देश्य है कि विकास के साथ हमारी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक धरोहर भी मजबूत हो।